प्रेस विज्ञप्ति
जनपद सोनभद्र
दिनांक- 10.08.2022

क्राइम ब्रांच एवं थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 250 ग्राम हेरोइन (कीमती लगभग 25 लाख रुपये) के साथ 02 नफर तस्कर गिरफ्तार -

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में दिनांक 09.08.2022 को समय रात्रि लगभग 23.30 बजे क्राइम ब्रांच एवं थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चण्डी तिराहा पास से अर्टिगा कार नम्बर (UP 65 CY 9686) सवार 02 नफर हेरोइन तस्कर **01. आरती देवी उर्फ मौसी पत्नी दिनेश हरिजन निवासिनी ग्राम ऐलाही, थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र, हाल-पता कांशीराम आवास, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 32 वर्ष एवं 02. अजय पासवान पुत्र सीताराम पासवान निवासी बेठीगांव, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 20 वर्ष** को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से क्रमशः 140 ग्राम हेरोइन एवं 110 ग्राम हेरोइन (कुल 250 ग्राम हेरोइन कीमती लगभग 25 लाख रुपये) बरामद किया गया। उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर क्रमशः मु0अ0सं0- 581/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व मु0अ0सं0- 582/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

गिरफ्तारी का विवरण –

01. आरती देवी उर्फ मौसी पत्नी दिनेश हरिजन निवासिनी ग्राम ऐलाही, थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र, हाल-पता कांशीराम आवास, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।
02. अजय पासवान पुत्र सीताराम पासवान निवासी बेठीगांव, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।

बरामदगी का विवरण-

1- कुल 250 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये)।
2- एक अदद आर्टिगा कार (UP 65 CY 9686)।

पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों द्वारा बताया गया कि मुगलसराय, जनपद चन्दौली जाकर रेलवे क्रासिंग के पास जाकर उक्त मादक पदार्थ कोई व्यक्ति हमें देता है जिसे हम नहीं जानते तथा उक्त मादक पदार्थो को हम कस्बा रॉबर्ट्सगंज में आकर बेचते हैं। गिरफ्तार अभियुक्ता आरती देवी उर्फ मौसी का आपराधिक इतिहास भी रहा है, जो निम्नवत है -

अभियुक्ता आरती देवी उर्फ मौसी पत्नी दिनेश हरिजन -

01. मु0अ0सं0 – 323/2021 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।
02. मु0अ0सं0 – 124/2019 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट, 403/411 भादवि थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. निरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी एसओजी, जनपद सोनभद्र।
2. निरीक्षक अमित सिंह, प्रभारी सर्विलांस, जनपद सोनभद्र मयटीम।
3. उ0नि0 कुंवर सिंह, चौकी प्रभारी हिन्दुआरी, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
4. आरक्षी दीपक गिरी, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।
5. महिला आरक्षी लवली सिंह, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।
6. हे0का0 अतुल सिंह, हे0का0 शशि प्रताप सिंह, का0 सतीश पटेल, का0 रितेश पटेल एसओजी/स्वाट टीम जनपद सोनभद्र।